Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 11-05-2005

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

>

Title: Regarding need to provide financial assistance for boulder pitching and repair of dam on Budhi Gandak, Bagmati and Kharsath rivers in Bihar with a view to strengthening the river embankments.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान बिहार की नदियों में तेजी से चल रहे कटाव और उससे उत्पन्न तटबंधों के टूटने के खतरे की ओर दिलाना चाहता हूं और सूचित करना चाहता हूं कि समस्तीपुर जिला में बागमती नदी के किनारे जटमलपुर एवं खरसड़ के तटबंधों तक कटावा पहुंच चुका है। उसी तरह बुढ़ी गंडक नदी के किनारे हरिहरपुर एवं उसके किनारे बसे समस्तीपुर में भी कटावा खास बिन्दुओं पर तेजी से जारी है। समस्तीपुर शहर में बुढ़ी गंडक के किनारे लगभग 14 किलोमीटर तक बांध कमजोर एवं क्षतिग्रस्त स्थिति में है। दो महीने में बाढ़ की संभावना है।

अतः सरकार से मांग है कि कटावा वाले बिन्दुओं पर बोल्डर पिचिंग एवं 14 किलोमीटर बांध के मरम्मत एवं उंचीकरण का कार्य अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता देकर शीघ्र करायी जाये।